श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक : एफ-03/95/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2026-27/1857 **दिनांक : 02-06-2026**

प्रवेश हेतु पंजीकरण सूचना (सीयूईटी-पीजी-2026-27)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-PG 2026) के आधार पर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 03 जून 2026 से प्रारम्भ होगा। आचार्य एवं एम.ए. कार्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। प्रवेश, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित CUET-PG 2026 के अंकों से निर्धारित मेरिट तथा प्रवेश समिति की संस्तुतियों के आधार पर , पात्रता शर्तों की पूर्ति एवं अभिलेखों के सत्यापन के अधीन किया जाएगा। परामर्श (Counselling) कार्यक्रम एवं प्रवेश संबंधी अन्य निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पृथक रूप से प्रकाशित किए जाएंगे।

ऑनलाइन पंजीकरण का विवरण

विवरण	आचार्य	एम .ए.
	वेद, पौरोहित्य, नव्यव्याकरण-, प्राचीनव्याकरण-, धर्मशास्त्र, फलित ज्योतिष , सिद्धान्त ज्योतिष , वास्तुशास्त्र, नव्यन्याय-, प्राचीनन्याय-, सांख्ययोग, जैनदर्शन, सर्वदर्शन, मीमांसा, विशिष्टाद्वैत वेदान्त, अद्वैत वेदान्त, साहित्य, प्राकृत भाषा एवं पुराणेतिहास	एम.ए. (योग, हिन्दी, हिन्दू अध्ययन, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, भारतीय ज्ञान परम्परा , राजनीति विज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन)
पंजीकरण पोर्टल	**https://slbsrsvcuet.samarth.edu.in/pg/**	
ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ	03.06.2026	
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	21.06.2026	
पंजीकरण शुल्क	₹100/-	

नोट : प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी तथा शैक्षणिक नियम एवं विनियम (ई-प्रोस्पेक्टस) विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.slbsrsv.ac.in** पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी एवं प्रवेश संबंधी सहायता हेतु अभ्यर्थी निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं अथवा **admissionlbsu@slbsrsv.ac.in** पर ई-मेल के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएँ भेज सकते हैं।

संपर्क सूत्र / हेल्पलाइन नंबर : 011-46060503 / 548 / 542

यह सूचना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी की जाती है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

1. समस्त पीठ प्रमुख विभागाध्यक्ष /
2. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
3. उपकुलसचिव (परीक्षा)
4. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
5. जन संपर्क सूचना अधिकारी
6. सहायक कुलसचिव (लेखा)
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करने का कष्ट करें।
8. संबंधित पंजिका
9. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Sachin

03/06/26